**B–40–X**

Roll No.....................................

Total No. of Questions : 12]

[Total No. of Printed Pages : 7

# XIIARJKUT23
# 9140–X
# HINDI

**Time : 3 Hours]**

**[Maximum Marks : 100**

**नोट :-** सभी प्रश्न करने अनिवार्य हैं।

## खण्ड—क

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

कल्याणी के सामने अब एक विषम समस्या आ खड़ी हुई। पति के देहांत के बाद उसे अपने दुरावस्था का यह पहला और बहुत ही कड़वा अनुभव हुआ। दरिद्र विधवा के लिए इससे बड़ी और क्या विपत्ति है कि जवान बेटी सिर पर सवार हो ? लड़के नंगे पाँव पढ़ने जा सकते हैं, चौका-बर्तन भी अपने हाथ से किया जा सकता है, रूखा-सूखा खाकर निर्वाह किया जा सकता है, झोपड़े में दिन काटे जा सकते हैं लेकिन युवती कन्या को घर में नहीं बैठाया जा सकता। कल्याणी को भालचंद्र पर ऐसा क्रोध आता था कि स्वयं जाकर उसके मुंह में कालिख लगाऊँ, सिर के बाल नोच लूं, कहूँ कि तू अपनी बात से फिर गया। पंडित मोटेराम ने उनकी कपट-लीला का नग्न वृत्तांत सुना दिया था।



https://www.jkboseonline.com

प्रश्न :

(क) प्रस्तुत पंक्तियाँ किस उपन्यास से ली गईं हैं तथा लेखक का नाम लिखिए। 2

(ख) कल्याणी कौन थी तथा उसके सामने क्या समस्या आ गई थी ? 2

(ग) पति के देहांत के वाद कल्याणी को कैसा अनुभव हुआ ? 1

(घ) कल्याणी को भालचन्द्र पर क्रोध क्यों आता है ? 2

(ङ) भालचन्द्र कौन था और किस बात से फिर गया था ? 2

(च) पण्डित मोटेराम कौन था ? 1

(छ) किसके सिर पर जवान बेटी सवार हो जाती है और किस कारण से ? 2

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

यह मेरा धनुष है

धनुष अश्वत्थामा का

जिसकी प्रत्यंचा खुद द्रोण ने चढ़ाई थी,

आज जब मैंने

दुर्योधन को देखा

निःशस्त्र, दीन



https://www.jkboseonline.com

आँखों से आँसू भरे

मैंने मरोड़ दिया

अपने इस धनुष को।

**प्रश्न :**

(क) प्रस्तुत कथन किस अंक से लिया गया है तथा अंक का नाम लिखिए। 2

(ख) अश्वत्थामा किसका पुत्र था ? उसके धनुष की प्रत्यंचा किसने चढ़ाई थी ? 2

(ग) प्रस्तुत काव्यांश का भाव-सौन्दर्य लिखिए। 2

(घ) अश्वत्थामा ने किसकी पराजय को देखकर क्या तोड दिया था ? 2

## खण्ड—ख

3. किसी **एक** विषय पर निबन्ध लिखिए :

(i) नशा और युवा वर्ग

(ii) शिक्षा में खेलों का महत्त्व

(iii) स्वच्छ-भारत स्वच्छ हम

(iv) मनुष्य और विज्ञान 7



https://www.jkboseonline.com

4. राष्ट्रभाषा और राजभाषा में तुलनात्मक अन्तर स्पष्ट कीजिए।

**अथवा**

राष्ट्रभाषा हिन्दी के महत्त्व पर प्रकाश डालिए। 5

5. द्विवेदी युग की किन्हीं **पाँच** विशेषताओं पर प्रकाश डालिए। 5

6. छायावादी युग की किन्हीं **तीन** विशेपताओं का उल्लेख कीजिए तथा इस युग के दो कवियों के नाम लिखिए। 5

**खण्ड—ग**

7. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए :

आई नहीं सदाएं उसकी मेरे क़फ़स में

होती मेरी रिहाई अपय काश। मेरे बसमें।

क्या बदनसीब हूँ मैं, घर को तरस रहा हूँ

साथी तो है वतन में, मैं कैद में पड़ा हूँ।

**प्रश्न :**

(क) प्रस्तुत काव्यांश किस कविता से लिया गया है ? कवि का नाम लिखिए।



https://www.jkboseonline.com

(ख) किसकी आवाज़ परिंदे को पिंजरे में सुनाई नहीं देती ?

(ग) परिंदा स्वयं को बदनसीब क्यों कह रहा है ?

(घ) 'कफ़्स' शब्द का अर्थ लिखिए तथा इस शब्द को काव्यांश में किस संदर्भ में प्रस्तुत किया गया है ? https://www.jkboseonline.com

(ङ) उपर्युक्त काव्यांश का भाव-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए। 2×5=10

8. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'जनतंत्र का जन्म' कविता का सार अपने शब्दों में लिखिए।

(ख) सुमित्रानंदन पंत के काव्य की विशेषताएँ लिखिए।

(ग) 'नदी के द्वीप' कविता का भाव-सौन्दर्य स्पष्ट कीजिए। 5×2=10

9. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) आधुनिक काल का संक्षिप्त परिचय दीजिए।

(ख) हिन्दी भाषा के उद्भव और विकास पर लेख लिखिए।

(ग) प्रगतिवाद की किन्हीं **तीन** विशेषताओं का उल्लेख कीजिए। 4×2=8



https://www.jkboseonline.com

10. किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(क) 'युधिष्ठिर' नामक पात्र का चरित्र-चित्रण 'अंधायुग' के आधार पर कीजिए।

(ख) 'दूसरे अंक' का सार अपने शब्दों में नाटक 'अंधा युग' के आधार पर लिखिए।

(ग) अश्वत्थामा धृष्टद्युम्न का वध क्यों करना चाहता था ? उसने उसका वध कैसे किया ? 5×2=10

11. निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं **दो** के उत्तर दीजिए :

(क) 'निर्मला' उपन्यास के आधार पर 'मंसाराम' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(क) 'निर्मला' उपन्यास के आधार पर 'मंसाराम' का चरित्र-चित्रण कीजिए।

(ख) आज के समाज और जीवन में 'निर्मला' उपन्यास की क्या सार्थकता है ?

(ग) 'निर्मला' उपन्यास की भाषा-शैली की समीक्षा कीजिए। 5×2=10

12 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए :

(i) 'संध्या के बाद' कविता में बुढ़िया दुकानदार से क्या लेने आई थी ?

(ii) परिंदे को क्या डर है ?

(iii) यशोधरा किसके विरह से संतप्त है ?



https://www.jkboseonline.com

(iv) वृद्ध याचक की हत्या किसने की थी ?

(v) तोताराम मंसाराम को छात्रावास क्यों भेजना चाहता था ?

(vi) आधुनिक काल की समय-सीमा क्या है ?

(vii) हिन्दी किन-किन राज्यों की राजभाषा है ?

(viii) देवनागरी किस भाषा की लिपि है ?

(ix) संजय को दिव्यदृष्टि किसने प्रदान की थी ?

(x) बाबू उदयभानु की हत्या किसने की ? 1×10=10

https://www.jkboseonline.com
Whatsapp @ 9300930012
Send your old paper & get 10/-
अपने पुराने पेपर्स भेजे और 10 रुपये पायें,
Paytm or Google Pay से

XIIARJKUT23—9140-X
**B–40–X**

https://www.jkboseonline.com